# GREENLAWNS HIGH SCHOOL

## PRELIMINARY EXAMINATION (2022-23)

Time: 3 Hours | Subject: - Hindi | Marks: - 80

---

*Answers to this paper must be written on the paper provided separately.*

*You will not be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

*The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

---

***Section A** is compulsory – **All** question in **Section A** must be answered.*

*Attempt **any four** questions from **Section B**, answering at least **one** question each from the **two** books you have studied and **any two** question from the same books you have studied.*

*The intended marks for the questions or parts of questions are given in brackets [].*

---

### SECTION 'A' (40 Marks)
### (Attempt all questions)

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics : - **[15]**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :


(i) निजीकरण देश के लिए फायदेमंद है या नुकसानदायक ?इस विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(ii) आपको अपने एक करीबी मित्र के घर पर दस दिन रहने एवं उसके परिवार से बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। आपने उसके परिवार से क्या-क्या सीखा, उसका वर्णन करते हुए बताइए कि आपको उस परिवार की कौन-सी एक बात सबसे अच्छी लगी।

(iii) "जो घर के बडे बुजुर्ग की परवाह नहीं करता, संस्कारों को ग्रहण करने में पिछड़ जाता है" - इस विषय पर अपने विचार स्पष्ट करते हुए विश्व में बुजुर्गों की दशा तथा बढ़ते हुए वृध्दा आश्रमों के बारे में बताइए ।

(iv) एक ऐसी मौलिक कहानी लिखिए जिसका अंतिम वाक्य हो:
................. काश! ऐसा पल मेरे जीवन में भी आया होता।।

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट स बंध चित्र से होना चाहिए ।



**Question 2.**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below: - **[7]**

निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **हिंदी** में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए: -

(i) आपके मोहल्ले को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली सड़क की लाइटें खराब हो चुकी हैं। इस कारण रात में आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे कई दुर्घटनाएँ भी हो चुकी हैं। इनका उल्लेख करते हुए लोक निर्माण विभाग, मुम्बई के मुख्य सड़क निरीक्षक को पत्र लिखिए।

(ii) पढ़ाई हेतु छात्रावास में रह रहे अपने बड़े भाई को पत्र लिखकर अपने घर परिवार का समाचार
दीजिए ।

**Question 3.**

Read the passage given below and answer in **Hindi the questions** that follow, using your own words as far as possible: -

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए **प्रश्नों के उत्तर हिंदी में** लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए [10]

गंगा भारत की एक अत्यन्त पवित्र नदी है जिसका जल काफ़ी दिनों तक रखने के बावजूद अशुद्ध नहीं होता जबकि साधारण जल कुछ दिनों में ही सड़ जाता है। गंगा का उद्गम स्थल गंगोत्री या गोमुख है। गोमुख से भागीरथी नदी निकलती है और देवप्रयाग नामक स्थान पर अलकनंदा नदी से मिलकर आगे गंगा के रूप में प्रवाहित होती है। भागीरथी के देवप्रयाग तक आते-आते इसमें कुछ चट्टानें घुल जाती हैं जिससे इसके जल में ऐसी क्षमता पैदा हो जाती है जो उसके पानी को सड़ने नहीं देती।

हर नदी के जल में कुछ खास तरह के पदार्थ घुले रहते हैं जो उसकी विशिष्ट जैविक संरचना के लिए उत्तरदायी होते हैं। ये घुले हुए पदार्थ पानी में कुछ खास तरह के बैक्टीरिया को पनपने देते हैं तो कुछ को नहीं। कुछ खास तरह के बैक्टीरिया ही पानी की सड़न के लिए उत्तरदायी होते हैं तो कुछ पानी में सड़न पैदा करने वाले कीटाणुओं को रोकने में सहायक होते हैं। वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि गंगा के पानी में भी ऐसे बैक्टीरिया हैं जो गंगा के पानी में सड़न पैदा करने वाले कीटाणुओं को पनपने ही नहीं देते इसलिए गंगा का पानी काफ़ी लंबे समय तक खराब नहीं होता और पवित्र माना जाता है।

हमारा मन भी गंगा के पानी की तरह ही होना चाहिए तभी वह निर्मल माना जाएगा। जिस प्रकार पानी को सड़ने से रोकने के लिए उसमें उपयोगी बैक्टीरिया की उपस्थिति अनिवार्य है उसी प्रकार मन में विचारों के प्रदूषण को रोकने के लिए सकारात्मक विचारों के निरंतर प्रवाह की भी आवश्यकता है। हम अपने मन को सकारात्मक विचार रूपी बैक्टीरिया द्वारा आप्लावित करके ही गलत विचारों को प्रविष्ट होने से रोक सकते हैं। जब भी कोई नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकारात्मक विचार द्वारा उसे समाप्त कर दीजिए।

(i) गंगा के जल और साधारण पानी में क्या अंतर है?

(ii) गंगा के उद्गम स्थल को किस नाम से जाना जाता है? इस नदी को गंगा नाम कैसे मिलता है?

(iii) भागीरथी से देव प्रयाग तक का सफ़र गंगा के लिए किस तरह लाभदायी सिद्ध होता है?

(iv) बैक्टीरिया ही पानी में सड़न पैदा करते हैं और बैक्टीरिया ही पानी की सड़न रोकते हैं, कैसे? स्पष्ट कीजिए।

v) मन को निर्मल रखने के लिए क्या उपाय बताया गया है?

**Question 4.**

Answer the following according to the instructions given: -

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए: **[8]**

(i) विद्वान' का विलोम शब्द चुनिए।

a) विद्या

b) मुर्ख

c) विदुषी

d) मूर्ख

(ii) पुत्र' के पर्यायवाची शब्द बताइए।

a. तनया, सुपुत्र

b. सुत, आत्मज

c. आत्मजा, सुपुत्री

d. सूत, बेटा

(iii) उचित की भाववाचक संज्ञा बताइए:

(a) अनुचित

(b) सही

(c) औचित्य

(d) ओचित्य

(iv) भूलना का विशेषण बताइए :

(a) भूल

(b) भुलाना

(c) भुलक्कड़

(d) भूलक्कड़

(v) उज्वल का शुद्ध रूप बताइए :

(a) उजवल

(b) उज्व्ल

(c) उज्ज्वल

(d) ऊज्वल

(vi) 'हवा लगना' मुहावरे का अर्थ बताइए :

(a) सरदी लगना

(b) बिगड़ना

(c) संगत का असर होना

(d) तेज होना

(vii) निम्नलिखित वाक्यमें रेखांकित शब्द के लिए सही शब्द का चयन कीजिए।
प्रधानाचार्य ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र अर्पित किया।

(a) समर्पण
(b) प्रमाणित
(c) सत्यापित
(d) प्रदान

(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए ।
महादेवी वर्मा ने सुन्दर कविताएँ लिखी हैं । ( द्वारा शब्द का प्रयोग कीजिए)

(a) महादेवी वर्मा द्वारा कविताएँ लिखी गई हैं ।
(b) महादेवी वर्मा द्वारा सुन्दर कविताएँ लिखी गई है ।
(c) महादेवी वर्मा द्वारा सुन्दर कविताएँ लिखी गई हैं ।
(d) महादेवी वर्मा द्वारा सुन्दर कविता लिखी गई है ।

## SECTION – B [40 Marks]

*(Attempt four questions from this Section)*

(You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other question)

### साहित्य सागर – संक्षिप्त कहानियाँ
(Sahitya Sagar – Short Stories)

**Question 5.**
Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :
"पर बतलाने वालों ने बताया कि गरीब के मुँह पर छाती, मुट्ठियों और पैरों पर बर्फ की हल्की-सी चादर चिपक गई थी, मानो दुनिया की बेहयाई ढँकने के लिए प्रकृति ने शव के लिए सफ़ेद और ठंडे कफ़न का प्रबंध कर दिया था।"

(i) –यहाँ पर गरीब किसे और क्यों संबोधित किया गया है? [2]
ii) लड़के की मृत्यु का क्या कारण था? समझाकर लिखिए । [2]
iii) 'दुनिया की बेहयाई ढँकने के लिए प्रकृति ने शव के लिए सफ़ेद और ठंडे कफ़न का प्रबंध कर दिया था' – इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। [3]
iv) 'अपना अपना भाग्य' कहानी के उद्देश्य पर विचार कीजिए। [3]

**Question 6.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow: -**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए: -

"मेरी महत्त्वकांक्षा, मेरे उन्नतिशील विचार मुझे बराबर दौड़ाते रहे। मैं अपनी कुशलता से अपने भाग्य को धोखा देता रहा। यह भी मेरा पेट भर देता था। कभी-कभी मुझे ऐसा मालूम होता है कि यह दाँव बैठा कि मैं अपने-आप पर विजयी हुआ और मैं सुखी होकर संतुष्ट होकर चैन से संसार के एक कोने में बैठ जाऊँगा, किंतु वह मृग मरीचिका थी।"

(i) यहाँ पर किसके बारे में बात की जा रही है? और किससे? समझा कर लिखिए। [2]

(ii) रामनिहाल की महत्त्वकांक्षा उससे क्या करवाती रही? समझाकर लिखिए । [2]

(iii) प्रस्तुत अवतरण में मृग मरीचिका से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिए । [3]

(iv) कहानी के आधार पर रामनिहाल का चरित्र चित्रण कीजिए। [3]

**Question 7.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow: -**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए: -

"उम्र में मुझसे छोटे हैं , पर अपने घर में बच्चों की फ़ौज खड़ी कर ली है ।"

(I) उम्र में कौन,किससे छोटा है? दोनों के नाम बताएँ और आपस में दोनों का क्या सम्बन्ध है ? [2]

ii) किसने घर में बच्चों की फ़ौज खड़ी कर ली है? उसकी चरित्र गत विशेषताएँ लिखिए। [2]

iii) बच्चों की फ़ौज से क्या तात्पर्य है? उन्हें वह परिवार बच्चों की फ़ौज क्यों लगता है? [3]

iv) क्या उसका परिवार एक सुखी परिवार है? कैसे? समझा कर लिखिए । [3]

**Question 8**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow: -**

निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए: -

काँकर पाथर जोरि कै, मसजिद लई बनाय।<br>
ता चढ़ि मुल्ला बाँग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय॥<br>
पाहन पूजे हरि मिले, तो मैं पूजूँ पहार।<br>
ताते ये चाकी भली, पीस खाय संसार॥

**(I)** कबीर किस स्थिति में पहाड़ को पूजने को तैयार हैं? स्पष्ट कीजिए । [2]

ii) चाकी शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताइए कि कवि ने 'चाकी भली ' क्यों कहा है? [2]

III) "ता चढ़ि मुल्ला बाँग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय" - पंक्ति में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए। [3]

iv) कबीर की भाषा पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। [3]

**Question 9.**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow;-

निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

साँई सब संसार में, मतलब का व्यवहार।
जब लग पैसा गाँठ में, तब लग ताको यार॥
तब लग ताको यार, यार संग ही संग डोले।
पैसा रहे न पास, यार मुख से नहिं बोले॥
कह गिरिधर कविराय जगत यहि लेखा भाई।
करत बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साँई॥

(i) कवि के अनुसार इस संसार में किस प्रकार का व्यवहार प्रचलित है? [2]

(ii) व्यक्ति के पास रुपया-पैसा न रहने पर मित्रों के व्यवहार में क्या परिवर्तन आ जाता है ? [2]

(iii) करत बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साँई" - पंक्ति द्वारा कवि क्या स्पष्ट करना चाहते हैं ? [3]

(iv) उपर्युक्त कुंडलिया का उद्देश्य लिखिए। [3]

**Question 10.**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:

व्यथित है मेरा हृदय-प्रदेश
चलूँ उसको बहलाऊँ आज।
बताकर अपना सुख-दुख उसे
हृदय का भार हटाऊँ आज।।

चलूँ मां के पद-पंकज पकड़
नयन जल से नहलाऊँ आज।
मातृ-मन्दिर में मैंने कहा-
चलूँ दर्शन कर आऊँ आज।।

i) कवयित्री की क्या इच्छा है? समझा कर लिखिए । (2)

ii) यहाँ किसका हृदय-प्रदेश व्यथित है और क्यों? कारण सहित लिखिए । (2)

iii) पद-पंकज का अर्थ लिखते हुए इसका आशय स्पष्ट कीजिए? (3)

iv) शब्दार्थ लिखिए- [3]

व्यथित- , भार- , पद- , दुर्गम,
हृदय-प्रदेश- , नयन-जल-